## सार-समाचार

### योग व प्राणायाम शिविर का शुभारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। नगरवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखने के उद्देश्य से सुमंगलम् हॉस्पिटल व चरक पंचकर्म केन्द्र में आजसे निःशुल्क योग व प्राणायाम शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी वासुदेव चाकलान व देवकिशन स्मृति सेवा समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी द्वारा भगवान धन्वंतरि के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्था प्रमुख वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा ने इस अवसर पर सभी का स्वागत व अभिनंदन करते हुए बताया कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना से शिविर आयोजित किया गया है जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षकों के सानिध्य में रोजाना योगिक क्रियाएं व प्राणायाम का अभ्यास करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त समय समय पर योग्य चिकित्सकों द्वारा मौसमी बिमारियों से बचाव हेतु आहार प्रतिहार के बारे में सलाह दी जाएगी। शिविर का समय प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक रखा गया है जिसमें मौसम अनुसार परिवर्तन किया जाएगा। उन्होंने आव्हान किया कि अधिकाधिक संख्या में पहुंच कर शिविर का लाभ उठाएं.इस अवसर पर हाल ही में हॉस्पिटल में अनुभवी प्रसुति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आभा कालरा के ज्वाइन करने पर उनका भी हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत किया गया।इस अवसर पर सीताराम दाधीच, देवेन्द्र यादव, अरूण कुमार शर्मा, प्रोफेसर कल्याण सिंह चारण, सुरेन्द्र चुलैट, हिमांशु मालपुरिया,सुरेन्द्र इन्दौरिया, आदि ने योगाभ्यास किया।

### लाल चौक पर धरना 782वें दिन भी जारी

**चिड़ावा,** (निसं)। खेतड़ी रोड स्थित लाल चौक पर शनिवार को अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा संचालित यमुना जल समझौता लागू करवाने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना 782वें दिन भी जारी रहा। धरने पर ताराचंद तानाण, प्रभुराम सैनी, श्रीराम कुमावत, राजेंद्रसिंह चाहर, विजेंद्र शास्त्री, रोहिताश्व मेहरडा, रणधीरसिंह ओला, बजरंगलाल बराला, कपिल तेतरवाल आदि मौजूद रहे। बुहाना तहसील कमेटी अध्यक्ष रणधीर सिंह ओला ने बिजली पावर ग्रिड कम्पनी को आगाह किया है कि झुंझुनूं जिले में 765 केवीए बिजली की लाईन से किसानों के खेतों में टावर, कोरीडोर, ट्यूबवैल, पेड़ पौधे, तालाब, फार्म पौंड, मकानों का भारी भरकम नुकसान हुआ है। जिसका नाम मात्र का मुआवजा दिया गया है। जबकि यह मुआवजा अग्रिम भुगतान किया जाना था। टावरों का मुआवजा 2 प्लस 2 चार प्रतिशत की तर्ज पर किसानों ने कोरिडोर का मुआवजा 30 की बजाय 400 प्रतिशत देने की मांग रखी है। मांग माने जाने तक टावरों पर कार्य नहीं करने दिया जाएगा। जिस किसान का कोई भी मुआवजा बकाया है वो तुरंत प्रभाव से 15 दिवस में किसानों को दिया जाना चाहिए अन्यथा किसान सभा आन्दोलन को मजबूर होगी।

### श्री गोपाल गौशाला का उद्घाटन कल

**मंडावा,** (निसं)। वाहिदपुरा गांव में श्री गोपाल गौशाला के उद्घाटन समारोह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्री गोपाल गौशाला समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 22 फरवरी को सुबह 9:15 बजे पूजन एवं हवन कार्यक्रम होगा। इसी क्रम में 23 फरवरी सोमवार को सुबह 9:30 बजे कलश यात्रा एवं सुबह 11:15 बजे गौ प्रवेश एवं पूजा का कार्यक्रम आयोजित होगा तथा दोपहर 12:30 बजे संतों एवं अतिथियों का सम्मान किया जाएगा और दोपहर 1:30 बजे प्रसाद वितरण होगा। ग्राम पंचायत सरपंच केसरी देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह राठौड पूर्व नेता प्रतिपक्ष होंगे। विशिष्ट स्थिति झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, चूरू विधायक हरलाल सहारण, ठाकुर अंगद देव सिंह मंडावा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, पूर्व प्रधान सुशील सीगडा, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया होंगे। वहीं गौशाला उद्घाटन कार्यक्रम दिनेश गिरी महाराज फतेहपुर, चेतन नाथ महाराज मुकुंदगढ़, मोहन गिरी महाराज रामपुरा धाम, सोमनाथ महाराज टांई धाम, भागुराम भगत वाहिदपुरा संतों के सानिध्य में होगा।

### जिला कलेक्टर का स्वागत किया

**सादुलपुर,** (निसं)। रामपुरा बेरी अण्डरपास की बजट में स्वीकृति की खुशी में रामपुरा गांव के ग्रामीणों ने 120 किलोमीटर जिला मुख्यालय चूरू पर जाकर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा का स्वागत किया। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को मिठाईयां खिलाकर, गुलदस्ता भेंटकर एवं माल्यार्पण कर धन्यवाद दिया तथा जिला कलेक्टर ने भी ग्रामीणों को मिठाई खिलाई। शनिवार दोपहर सवा एक बजे दी जानकारी के अनुसार वहीं ग्रामीणों ने राज्य सरकार, मुख्यमंत्री, वित मंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। भारत के खेल रत्न एवं लोकसभा प्रत्याशी रहे पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया का भी विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बजट में राज्य सरकार के द्वारा ०7 करोड 5० लाख रूपये की बजट घोषणा होने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की तथा अब कुछ समय बाद यहां से किसान, ग्रामीण व आमजन को 18 वर्षो से आवागमन में परेशानी हो रही थी, इससे निजात मिलेगी। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर ग्रामीणों की तरफ से रामावतार मीणा, किशनलाल बहलान, ओमप्रकाश मीणा, सुरेन्द्र बहलान, सुरतानन्द बहलान व विजय मीणा आदि ने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा का स्वागत किया।

### भाजपा नेता दहिया का अभिनंदन

**चिड़ावा,** (निसं)। नवसर्जित ग्राम पंचायत भापर में भाजपा नेता राजेश दहिया का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। ग्रामवासियों ने भापर को नई ग्राम पंचायत बनाए जाने पर दहिया का आभार व्यक्त किया। साथी ही इस खुशी के मौके पर फूलों की होली समारोह भी किया गया। इस अवसर पर सूरजगढ़ प्रधान बलवानसिंह, पंसस पवन मेघवाल, संदीप भड़िया, दयानंद कुमावत, ओमप्रकाश बुडानिया, गंगाधर कुमावत, भोलाराम, प्रहलादसिंह बुडानिया, प्रहलाद नायक, विष्णु नायक, अजय, विद्याधर बुडानिया, सुनिल ठेकेदार, हनुमान बेडवाल, सुरेश बुडानिया, उम्मेदसिंह, कर्मपाल, श्रीराम कालीरावणा, महेंद्रसिंह डीलर, राजवीर धींवा, रमेश नागवान, बसंतलाल, पवन गुर्जर, मदन चनेजा, नवीन बुडानिया, विद्याधर बुडानिया, हेमराज कुमावत, नौरंगलाल, गोविंदराम सैन, ओमप्रकाश जांगिड़, मातृ शक्ति सहित गणमान्य नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

### होली पर्व पर कार्यक्रमों को लेकर बैठक आज

**मंडावा,** (निसं)। कस्बे का होली फेस्टिवल विश्व प्रसिद्ध है व प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी होली पर्व पर कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर बैठक आयोजित की जा रही है। श्री सर्वे हितेषी व्यायामशाला के अध्यक्ष सुरेश पालड़ीवाला ने बताया कि 22 फरवरी को शाम पांच बजे व्यायामशाला में बैठक रखी गई है। बैठक में होली पर्व पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा और उसमें क्या सुधार किया जा सकता है उसको लेकर आमजन से सुझाव लिए जाएंगे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी ने बताया कि श्री सर्वे हितेषी व्यायामशाला में आयोजित बैठक में एकादशी जुलूस, नगर पालिका चौक पर फागोत्सव कार्यक्रम तथा धूलंडी जुलूस में व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### साधु-संतों को भोजन कराया

**रतनगढ़** (निसं)। आर्यावर्त हिन्दू युवा सेना के जिला सचिव नन्द किशोर कन्दोई के नेतृत्व में आज ताल बालाजी मंदिर अन्नक्षेत्र में साधु-संतों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। साथ ही परमहंस समाधि स्थल पर विचरण कर रहे बेसहारा नंदी महाराज एवं गोमाता के लिए मूंगफली चारे की विशेष व्यवस्था की गई। यह सेवा कार्य मुंबई प्रवासी भामाशाह कृष्णा सुरेश झुनझुनवाला के आर्थिक सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से व्यवस्थाएँ संभालीं और गौसेवा को समाज का दायित्व बताया।इस अवसर पर भामाशाह कृष्णा सुरेश झुनझुनवाला, संतोष दुगड़, राधिका कन्दोई, हिमांशु कन्दोई, विजय नायक, संजय माली सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पशु चिकित्सालय का भूमि पूजन आज

**खिरोड,** (निसं)। कस्बे में बनने वाले प्रथम श्रेणी के राजकीय पशु चिकित्सालय का भूमि पूजन रविवार सुबह 11 बजे खिवाणा जोहड़े में श्रीजी जानकीनाथ गोशाला के पास होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल होंगे। इस दिन मोहनवाड़ी गांव में स्थित नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी कार्यक्रम का शुभारंभ 11.30 बजे नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल करेंगे।

### श्याम भक्तों ने निशान उठाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के मोती सिंह की ढाणी स्थित श्री श्याम हनुमान मंदिर से श्याम भक्तों ने खाटू श्याम के लिए उत्साह से श्याम निशान उठाए। डीजे पर श्याम भजनों की धुन पर नाचते गाते श्याम भक्त खाटू रवाना हुए। भक्त स्व. रामावतार किरोडीवाल के पुत्र रवि के सानिध्य में राकेश किरोडीवाल, रचना, बबली, पुष्पा देवी, आरती आदि खाटू श्याम धाम रवाना हुए।

# 16 विद्यार्थियों का कक्षा 12 के साथ सरकारी कृषि महाविद्यालय में चयन

**नवलगढ़,** (निसं)। सरस्वती सीनियर सैकंडरी स्कूल बलवंतपुरा के कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के साथ ही जेट परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए 16 विद्यार्थियों ने विभिन्न सरकारी कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश लिया है। इन विद्यार्थियों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत व सम्मान किया गया।

विद्यार्थियों व अभिभावकों को दुपट्टा, मोमेंटो, वॉलवाच व अम्ब्रेला देकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने व कक्षा 12 के साथ जेट व आईसीआर में सफलता के लिए राजेन्द्र धायल को 9100 रूपए का चैक प्रदान किया गया। इसके साथ ही छात्रा लक्षिका व अभिषेक जाखड को कक्षा 10 से कक्षा 12 में 25 प्रतिशत से अधिक अंक वृद्धि व कक्षा 12 के साथ जेट में सफलता के लिए क्रमशः 5000 व 3100 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में प्रिया पूनियां ने प्रवेश पाकर बड़ी सफलता प्राप्त की।

राजकीय कृषि महाविद्यालय फतेहपुर में परमजीत सिंह, दशरथ यादव, भोमसिंह व रोहित पूनियां को प्रवेश मिला है। राजकीय कृषि महाविद्यालय मंडावा में हेमंत शर्मा व युवश ढाका को प्रवेश मिला है। कृषि कॉलेज चिड़ावा में राजेंद्र धायल, कृषि कॉलेज डीडवाना में लक्षिका, कृषि कॉलेज भरतपुर में पायल कुमारी, कृषि कॉलेज डूंगरपुर में साक्षी कुमारी, कृषि कॉलेज सवाईमाधोपुर में अभिषेक जाखड़, कृषि कॉलेज उदयपुर में रोनक कुमारी, कृषि कॉलेज तारानगर में निखिल चौधरी, कृषि कॉलेज अलवर में कल्पना कुमारी व कृषि कॉलेज बाड़मेर में स्नेहा कंवर को प्रवेश मिला है। उन्होंने बताया कि जेट परीक्षा 2025 में 20 से अधिक विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए। जो कि सरकारी कृषि महाविद्यालय में प्रवेश मेरिट से अधिक अंक थे उनमें से उपरोक्त विद्यार्थियों ने सरकारी महाविद्यालय में प्रवेश लिया है। इस सफलता के लिए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इसे विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों का सहयोग व शैक्षिक टीम की मार्गदर्शन का परिणाम बताया। इसके अलावा पूर्व सत्रों के भी 10 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए विभिन्न कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश लिया है। जिनमें से इस अवसर पर नेहा, कृष्ण, खुशी सैनी, उषा सैनी व आशीष का भी सम्मान किया गया।

विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी हर प्रतियोगी परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। कक्षा 12 के शानदार बोर्ड परीक्षा परिणाम के साथ में बडी संख्या में विद्यार्थियों का जेट परीक्षा में सफलता प्राप्त करना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। विद्यालय का क्लास रूम टू कॅरिअर प्रोग्राम इस सफलता में सहायक सिद्ध हुआ है।

विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी कीर्तिमान गोदारा ने बताया कि कक्षा 12 के साथ प्रतियोगी परीक्षा में सफलता विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता की उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है। पिछले सत्रों से लगातार कक्षा 12 के साथ सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थी शानदार परिणाम हासिल कर रहे हैं। गौरतलब है कि विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हाल में जारी जेईई परीक्षा परिणाम में 98 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

## 310 युवाओं ने रक्तदान किया

**नवलगढ़,** (निसं)। जिला अस्पताल के पास बिरजूराम खेदड़ परसरामपुरा की पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर आयोजन समिति के विक्रम सिंह खेदड़ ने बताया कि मौजूद लोगों व अतिथियों ने बिरजूराम खेदड के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित करके शिविर का शुभारंभ किया। सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक चले शिविर में 310 युवाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश कटेवा, युवा नेता मिलन चौधरी, मुकेश रणवां, महिपाल पूनियां, विकास सेशमां ठेकेदार, सरपंच करणीराम, राजू खेदड, सुरेश गुर्जर, राजेश खेदड, राजकुमार खेरवा, बबलू सुंडा, महेंद्र रोलन, हिमांशु पूनियां, महेंद्र गुर्जर, वीरेंद्र डांगी सहित बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने शिविर में सहयोग किया।

# 'भारत को अपमानित करने की कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सोची समझी साजिश'

**सीकर,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने नई दिल्ली में हुई एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन करने की घोर निंदा की है। एक बयान जारी कर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में हुई अन्तर्राष्ट्रीय एआई इंपैक्ट समिट में जहां 30 देशों के 300 से अधिक प्रदर्शक शामिल हुए। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने नेता राहुल गांधी के उकसावे पर की गई यह घिनोनी हरकत कांग्रेस पार्टी के पूर्ण वैचारिक पतन को उजागर करती है।

जिलाध्यक्ष बाटड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, प्रगति और राष्ट्र निर्माण के लिए खड़ा है जबकि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केवल व्यवधान, बाधा और नकारात्मकता का प्रतीक बन गई है। कहा कि इससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने एआई इंपैक्ट समिट को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले रच ली थी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया और उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया और फिर इस अपमानजनक कार्य के लिए उकसाया गया। कहा कि इस घिनोनी हरकत करने वाले चार कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा इस तरह की हरकत करने का एकमात्र कारण है कि राहुल गांधी अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारत को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ते हुए नहीं देख सकते।

जिलाध्यक्ष बाटड़ ने कहा कि भारत की सफलता का विरोध करना और उसकी सुरक्षा पर सवाल उठाने का कांग्रेस का पुराना ट्रेक रिकॉर्ड रहा है। कहा कि जी 20 शिखर सम्मेलन का नेतृत्व जब भारत कर रहा था तब भी कांग्रेस के पास केवल आलोचना ही थी। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना का भी अपमान किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे शहरों में अक्सर बम धमाके होते थे, आज भारत जी20 और एआई इंपैक्ट समिट जैसे वैश्विक सम्मेलनों की मेजबानी कर रहा है। यह एक ऐसा बदलाव है जिसे कांग्रेस स्वीकार नहीं कर पा रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा बाधा डालने की कोशिशों के बावजूद भी यह ऐतिहासिक आयोजन रहा है। इस समिट में शामिल प्रत्येक राष्ट्राध्यक्ष, एआई विशेषज्ञों और शीर्ष कंपनियों के सीईओ ने भारत की पहल, तकनीकी नवाचार और नेतृत्व की सराहना की है।

# सुजडौला में उमड़ा आस्था का सागर, रासलीला आकर्षण का केंद्र बनी

**पिलानी,** (निसं)। बाबा मढी धाम सुजडौला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। संत-महात्माओं की निरंतर उपस्थिति और भजनों की मधुर ध्वनि ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक आनंद कृष्ण व्यास ने व्यासपीठ से भगवान के विभिन्न अवतारों का मार्मिक वर्णन करते हुए भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति, हिरण्यकश्यप के अहंकार के अंत और भगवान नरसिंह के प्राकट्यय का प्रेरक प्रसंग सुनाया।

कथा के दौरान भक्तों को यह संदेश दिया गया कि भगवान सदैव अपने सच्चे भक्तों की रक्षा करते हैं और अहंकार का विनाश निश्चित है। उन्होंने भगवान वामन अवतार की कथा में राजा बलि के दंभ को तीन पग भूमि मांगकर समाप्त करने का प्रसंग सुनाया। वहीं समुद्र मंथन की कथा के माध्यम से देवासुर संग्राम और अमृत प्राप्ति का भावपूर्ण वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं में पूतना वध और कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन होते ही पंडाल में भक्तों ने खडे होकर जयकारों के साथ उत्सव मनाया। जिससे वातावरण कृष्णमय हो गया।

रात्रिकालीन रासलीला में महिलाओं और बच्चों की विशेष भीड़ उमड़ी। सजीव झांकियों ने सभी का मन मोह लिया और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। समाजसेवी एवं भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया कि पूरे आयोजन का संचालन बाबा आकाशगिरी के नेतृत्व में सुचारू रूप से किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गांवों के श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आगंतुक संतों ने इसे क्षेत्र का भव्य और अनुकरणीय धार्मिक आयोजन बताया। भागवत कथा के आगामी दिनों में भी इसी प्रकार भक्तों की उपस्थिति रहने की संभावना जताई जा रही है।

## भागवत कथा को सुदामा चरित्र वर्णन के साथ विश्राम दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। धर्मप्रेमी विनोद कुमार पुजारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत रूप से समापन व्यासपीठ से श्रीहरिशरण जी महाराज ने भागवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए विश्राम दिया। श्रीमद्भागवत कथा में व्यासपीठ से कथा मर्मज्ञ संत हरिशरण महाराज ने कथा में सातों दिवस विस्तार से संगीतमय कथा सुनाते हुए सुलामा चरित्र में बताया कि किस प्रकार भगवान अपने बचपन के शाखा सुदामा का उद्धार करते हैं। इस अवसर पर उनके द्वारा गाए गए भजनों पर श्रोता भक्तों ने नाचकर गाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं श्रवण केजड़ीवाल ने आयोजक विनोद पुजारी एवं कुंदन सिंगड़ोदिया के सानिध्य में महाराज श्री का शॉल, दुपट्टा एवं साफा ओढाकर माल्यार्पण के साथ प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन भी किया। कथा के मुख्य आयोजक विनोद कुमार पुजारी ने बताया कि झुंझुनूं के भगवत प्रेमी व दूर दूर से आ रहे परिवार के स्वजन व रिश्तेदारो ने कथा सत्संग का आनंद लिया। कथा सत्संग में आनंद लेने व व्यवस्था बनाने में श्रोताओं में दिनेश ढंढारिया, कुंदन सिंगड़ोदिया, कुंजबिहारी वशिष्ठ, सुमन, शशि वशिष्ठ, निर्मला ढंढारिया, परमेश्वर हलवाई, सुभाष जालान, निर्मल मोदी, श्रवण केजडीवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान, प्रदीप पाटोदिया, रुपेश तुलस्यान, शिवचरण पुरोहित, सुरेंद्र कुमार शर्मा, गोपाल कृष्ण गुप्ता, आचार्य पंडित शास्त्री विकेश शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, गोविंद पुजारी, कपिल पुजारी, रोहित (सोनू पुजारी), कलश कुमावत, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, मुरारी जांगिड़, राजेंद्र शर्मा, सुनिल शर्मा, मुकेश शर्मा सहित अन्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गुरूकुल के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। रोरू बड़ी में ओम शिव गोरक्ष गौशाला व आश्रम में नंदीशाला लोकार्पण एवं गुरुकुल के भूमि पूजन समारोह एवं आदियोगी प्रतिमा के अनावरण समारोह आयोजित हुआ।

इस अवसर पर संत कमलनाथ महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल लक्ष्मणगढ़ प्रखंड के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन एवं दंड दीक्षा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाल योगी रुपनाथ महाराज मंहत गोरक्ष टीला गोगामेड़ी उपस्थित थे।

संत रूपनाथ महाराज ने अपने आशीर्वचन में सामाजिक सरोकार के कार्यो एवं हिंदूओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताई।मंहत कमलनाथ महाराज ने शस्त्र और शास्त्र की आवश्यकता बताते हुए समरसता के भाव से भारत के परम वैभव पर पहुंचने की बात बताई।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के धर्माचार्य संपर्क की प्रांत टोली के सदस्य रतन सिंह बगडी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तनों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने सनातन धर्म व हिंदू संस्कृति की महती आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए सभी को दंड दीक्षा की प्रतिज्ञा दिलवाई।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद सीकर के कोषाध्यक्ष अमन कामदार ने वर्तमान में हिंदू समाज के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताते हुए धर्मांतरण, लव जिहाद एवं अवैध घुसपैठ के बारे में विस्तृत रूप से बताया।इस अवसर लक्ष्मणगढ़ प्रखंड अध्यक्ष रामपाल कुमावत ने संगठन की रीति-नीति करवाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सुरजन नाथ महाराज घाणा, कृष्ण नाथ महाराज लक्ष्मणगढ़, सुंदरनाथ महाराज बाला का बास, योगी कंवरनाथ महाराज, योगी मुकेशनाथ महाराज सुरजगढ, कृष्णनाथ महाराज भिवानी,ओमनाथ महाराज गोरक्ष टीला, निवास सरपंच कोटपूतली, सुभाष ढाका भूमा बडा, देवीसिंह मील, पंचायत समिति सदस्य खूमाराम ढाका पंकज शर्मा सहित अनेक संत व सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, जिले में कुल 21,63,449 मतदाता

**सीकर** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 4 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण के दौरान सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य सम्पन्न किया गया है।

गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 2272712 थी, जिनकों गणना प्रपत्र वित्तिरत किए गए थे। जिले में गणना चरण के दौरान कुल 2128862 मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए गए है, जिनका नाम 16 दिसम्बर 2025 को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर प्रारूप प्रकाशन किया गया था। प्रारूप प्रकाशन के पश्चात् अनमैप्ड मतदाताओं तथा तार्किक विसंगतीयों के मतदाताओं को कुल 4,46,101 नोटिस जारी कर उनकी सुनवाई के दौरान 2727 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किए गए है। आज अंतिम प्रकाशन के दौरान कुल मतदाता 2163449 हो गए है।

उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गई जिसमें कुल 47984 मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 प्राप्त हुए, जिनका नाम विहित प्रक्रिया के पश्चात कुल 41853 मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया। कुल 7675 मतदाताओं के फॉर्म 7 प्राप्त हुए जिनका विहित प्रक्रिया के तहत निस्तारण कर कुल 7266 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नाम विलोपित किया गया।

साथ ही आज सेवा नियोजित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है, जिले में कुल 17076 सेवा नियोजित मतदाता है, जिसमें से कुल 16503 पुरुष मतदाता है एवं कुल 573 महिला मतदाता है।

अंतिम मतदाता सूची की दो प्रतियां एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी बिना फोटों के मान्यता प्राप्तत राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।

आयोग के निर्देशानुसार इस संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक भी आयोजित की गई है, जिसमें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

बैठक में आम आदमी पार्टी पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनाथ सिंह,बहुजन समाज पार्टी सचिव भंवरलाल दानोदिया, भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री महावीर प्रसाद सैन, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया( ) के सदस्य सचिव रामरतन बगड़िया, इण्डियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष धमेन्द्र गठाला, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सचिव इंजी. भंवर सिंह उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सीकर** (निसं)। सीकर के श्री दिगम्बर जैन सीनियर सैकंडरी स्कूल एवं वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर की ओर से विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया इस अवसर पर प्राधिकरण के अधिकार मित्र ओमप्रकाश पुरोहित ने विद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को साइबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर संबोधित किया इस जागरूकता शिविर में साइबर अपराध से बचने एवं ऐसे अपराध घटित होने पर सुरक्षात्मक उपायों तथा इन अपराधों से सम्बंधित दण्डात्मक प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने साइबर अपराध एवं उस से जुड़ी सावधानियों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की इस से सम्बंधित प्रश्न पूछे संस्था का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### शाकंभरी माता के दरबार में फागोत्सव कल से

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। धार्मिक तीर्थ स्थल सकरायधाम में स्थित माता शाकंभरी के दरबार में सोमवार से फागोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा। मां शाकंभरी सेवा समिति सकरायधाम रजि. के तत्वावधान में होने वाले फागोत्सव में पहले दिन 23 फरवरी सप्तमी को सूरत के प्रसिद्ध मंगलपाठ वाचक सुरेश जोशी एवं पूनम चोपडा द्वारा मैया का मंगलपाठ का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में चुनरी उत्सव, मेहंदी उत्सव, मैया का खजाना, छप्पन भोग झांकी, भव्य दरबार झांकी आदि होंगे। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों व आकर्षक विद्युत सजावटी लाइटों से दरबार को सजाया जाएगा। माता की ज्योति व दरबार में भोग लगाने के पश्चात भक्तों को भंडारे में प्रसादी वितरित की जाएगी। दूसरे दिन 24 फरवरी अष्टमी को सुबह आठ बजे माता के दरबार में सिरा-पुडी का भोग लगाया जाएगा। माता को गजरा, चुनडी, सुहाग पिटारा, फल, ड्राई फ्रूट आदि माता को अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात उदयपुरवाटी कस्बे के जांगिड़ मोहल्ले में स्थित पवन मिश्रा के नोहरे में ध्वज पूजन व आरती के बाद नाचते-गाते हुए भक्तगण उदयपुरवाटी कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए माता शाकंभरी के दरबार पहुंचेंगे। जहां पर ध्वज अर्पित कर भंडारे में प्रसादी ग्रहण करेंगे। ध्वज यात्रा में प्रसिद्ध भजन गायक राजवर्धन सुथार अहमदाबाद भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। शाम छह बजे से माता के दरबार में फागोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें राजू तिवाड़ी एंड पार्टी फतेहपुर के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग फाल्गुनी धमाल प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति के अध्यक्ष राजेश धानूका अहमदाबाद व कोषाध्यक्ष संदीप रामूका के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी जोर-शोर से लगे हुए है। माता के फागोत्सव में देशभर से भक्तगण शामिल होने के लिए पधारेंगे। माता के फागोत्सव व ध्वज यात्रा की तैयारियां उदयपुरवाटी में पवन मिश्रा के नोहरे में की जा रही है। 101 निशानों को तैयार करने में सुशील रामूका, संदीप रामूका, गणेश स्वामी आदि भक्तगण लगे हुए हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुभारंभ

**पाटन** (निसं)। राजकीय कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। उत्साह और सेवा भावना से परिपूर्ण इस शिविर का आयोजन तीन सत्रों में किया गया, जिसमें छात्राओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र के रूप में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के महत्व एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक योजना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से छात्राएँ समूह, समुदाय और राष्ट्रहित में कार्य करना सीखती हैं। यह योजना 'स्व' से ऊपर उठकर 'पर' के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देती है।द्वितीय सत्र में छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया। परिसर की स्वच्छता एवं व्यवस्था में योगदान देकर स्वयं सेविकाओं ने सेवा, अनुशासन और सामूहिक कार्य की भावना को साकार किया।तृतीय सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी ज्ञानवर्धक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से सामाजिक, शैक्षिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी, समस्त स्टाफ सदस्य एवं स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहीं। पूरे वातावरण में सेवा, सहयोग और राष्ट्रनिर्माण की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। सात दिवसीय यह शिविर आगामी दिनों में विविध सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में नेतृत्व, जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकार की भावना विकसित करेगा।

### विराट हिन्दू सम्मेलन आज

**रतनगढ़** (निसं)। सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में 22 फरवरी 2026, रविवार को प्रातः 10 बजे गोदावरी गेस्ट हाउस, अम्बेडकर नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और समाज के विभिन्न वर्गों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आज रामदेव चंदनिया, गोपाल कृष्ण शर्मा एवं पिरुमल प्रजापति ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम से पूर्व श्री वीर हनुमान मंदिर (काली टंकी के पास) से मंगल कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए सम्मेलन स्थल तक पहुंचेगी।उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि परम श्रद्धेय श्री सीताराम जी महाराज (फलाहारी बाबा, बद्रीनाथ धाम) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में संत सान्निध्य, मुख्य वक्ताओं के उद्बोधन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा।

### बच्चों को स्वर्ण प्राशन अर्क पिलाया

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। कस्बे में स्थित शिशु वाटिका आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को पुष्य नक्षत्र में भैया-बहिनों को स्वर्ण प्राशन अर्क पिलाया गया। संस्था प्रधान श्यामसुंदर शर्मा ने प्रार्थना सभा के बाद में 116 विद्यार्थियों को स्वर्ण प्राशन अर्क पिलाया।

कार्यालय सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग , बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास
अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन
मु.नं. 21/2026/273 दिनांक-4/2/26
सर्व साधारण को सूचनार्थ हेतु
नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि मनोज कुमार सैनी पुत्र श्री मोहन लाल वार्ड नं 1 स्कूल नं 6 के पास सरदारशहर चूरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत सुरजाराम डेडाराम माली चेरिटेबल ट्रस्ट सरदारशहर चूरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।
अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो. प्रस्तुत करें।
और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।
आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.04.2026 निश्चित है।
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर

कार्यालय सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग , बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास
अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन
मु.नं. 22/2026/261 दिनांक-4/2/26
सर्व साधारण को सूचनार्थ हेतु
नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री ज्ञानीराम सैनी वार्ड नं 21 पुलिस स्टेशन के पीछे सरदारशहर चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत श्रीमती गिन्नी देवी चेरिटेबल ट्रस्ट सरदारशहर चुरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।
अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।
और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।
आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.04.2026. निश्चित है।
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर